# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
## (Brief summary of proceedings)
## Wednesday, 28 March 2018 / 07 Chaitra 1940 (*Saka*)

**No. 74**
**02.08 PM** **Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.09 PM **Question Hour :**

Starred Question No. was 141 asked.

**2.12 PM** The Chair referred the reply to Starred Question No. 141 to the Questions & Reference Committee as the reply was not received from the Services Department.

**2.18 PM** The Chair also informed that replies to Starred Questions No. 144, 145 & 151 and Unstarred Questions No. 369, 371 to 376, 378, 381 & 383 to 387 were also not received from the Services Department. He stated that as already directed, all such questions stand referred to the Committee of Privileges.

Members Ruling Party expressed their anguish over non-receipt of replies to the aforesaid Questions. They wore black badges in protest. The Chair also expressed his displeasure and wore black badge.

Starred Questions No. 143, 146 to 150 were asked and replied to. Starred Questions No. 144 & 145 were asked. Replies to Starred Questions No. 142, 152 to 160 and Un-Starred Questions No. 369 to 461 (except 369, 371 to 376, 378, 381 & 383 to 387) were placed on the table.

Hon'ble Dy Chief Minister made a brief statement on the reply to Starred Question 152 pertaining to the Tourism Department.

2. 3.25 PM **Special Mention(Rule-280) :**

The following Members raised matters under Rule-280 with the permission of the Chair:

1. Shri Jagdish Pradhan
2. Shri Adarsh Shastri
3. Shri Shri Dutt Sharma
4. Shri Rajesh Gupta
5. Shri Jitender Singh Tomar
6. Shri Om Prakash Sharma
7. Shri Ajay Dutt
8. Ms. Rakhi Birla
9. Shri Vijender Gupta
10. Shri Vishesh Ravi

3. 3.55 PM **Motions seeking extension of time for submission of Committee Report :**

**I.** **Shri Somnath Bharti** moved the following Motion : *"That this House agrees to extend the time for submission of the Report of the* ***'Special Inquiry Committee to investigate alleged illegal restoration of cancelled license of a ration shop in Burari'***. The Committee shall submit its report to the Hon'ble Speaker before the commencement of the Eighth Session of the Sixth Legislative Assembly."

**II.** **Shri Ajesh Yadav** moved the following Motion : *"That this House agrees to extend the time for submission of the Report of the* ***'House Committee on Municipal Corporations in Delhi'.*** The Committee shall submit its report to the Hon'ble Speaker before the commencement of the Eighth Session of the Sixth Legislative Assembly."

**III.** **Shri Saurabh Bharadwaj** moved the following Motion : *"That this House agrees to extend the time for submission of the Report of the* ***'Special Inquiry Committee to probe alleged irregularities and corruption in bodies that are administering the games of Cricket and Hockey in NCT of Delhi'.*** The Committee shall submit its report to the Hon'ble Speaker before the commencement of the Eighth Session of the Sixth Legislative Assembly."

**IV.** **Shri Saurabh Bharadwaj** moved the following Motion: *"That this House agrees to extend the time for submission of the Report of the '***Special Committee to examine the Message dated 13.09.2017 of the Hon'ble Lieutenant Governor***.' The Committee shall submit its report to the Hon'ble Speaker before the commencement of the Eighth Session of the Sixth Legislative Assembly."*

**V.** **Shri Rajesh Gupta** moved the following Motion : *"That this House agrees to extend the time for submission of the Report of the* ***'Special Inquiry Committee to investigate alleged irregularities in award of a contract to M/s ESP India Pvt. Ltd. by the Transport Department of the Government of NCT of Delhi'.*** *The Committee shall submit its report to the Hon'ble Speaker before the commencement of the Eighth Session of the Sixth Legislative Assembly."*

All the aforesaid Motions were put to vote and adopted by voice-vote.

4. 4.00 PM **The Chair adjourned the House for 30 Minutes for tea-break.**

5. 4.41 PM **House reassembled.**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**

6. 4.42 PM **Statement by Minister of Power :**
**Shri Satyendra Jain, Hon'ble Minister of Power** made a statement that the Govt. has reduced the tariff of Electricity in Delhi. He also announced the revised slabs of tariff.
Members of BJP stood up on their seats and alleged that tariffs had been increased.
**Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** requested the Chair that the aforesaid issue be discussed in the House.
The Chair agreed to the proposal of Hon'ble Deputy Chief Minister.

7. 5.04 PM **Motion to extend sitting of the House :**
**Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** moved that the sitting of the Seventh Session of Sixth Delhi Legislative Assembly be convened on 02 April & 03 April, 2018.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.
*(5.08 PM : Members of BJP again raised the issue of electricity tariff and walked out of the House in protest.)*

8. 5.10 PM **Shri Narayan Dutt Sharma and Ms. Alka Lamba** raised the issue of *alleged leakage of Question Papers of School Examinations being conducted by the CBSE.*
**Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** also expressed his views and stated that it was unfortunate that the credibility of CBSE had become suspect.
*(5.25 PM : Members of BJP came back in the House.)*

9. 5.40 PM Shri Somnath Bharti, Shri Anil Kumar Bajpai and Shri Om Prakash Sharma discussed *the situation arising out of ongoing sealing drive in Delhi.*

10. 5.58 PM **Congratulatory Motion (Rule-114) :**
Ms. Rakhi Birla moved the following Motion of Thanks :
*"This House congratulates Government of National Capital Territory of Delhi which has accomplished the unprecedented task of reducing the electricity tariff under the efficient leadership of Hon'ble Chief Minister Shri Arvind Kejriwal and by giving top priority to the public interest, it has established record of not increasing the electricity tariff during its tenure*."
The following Members participated in the discussion :
    1. Shri Saurabh Bharadwaj
    *(6:06 PM : The Chair extended the sitting of the House upto 7.00 PM)*
    2. Shri Manijinder Singh Sirsa
    3. Shri Madan Lal
    4. Shri Vijender Gupta, Leader of Opposition
    5. Shri Somnath Bharti

**Shri Satyendra Jain, Hon'ble Minister of Power** replied to the discussion.
(6.58 PM : The Chair named Shri Om Prakash Sharma for his indecorous behaviour.
As Shri Om Prakash Sharma refused to withdraw voluntarily, the Chair directed the Marshalls to escort him out).
(Shri Vijender Gupta, Shri Jagdish Pradhan and Shri Manjinder Singh Sirsa walked out in protest)

11. 7.17 PM **Announcements by Hon'ble Speaker :**
The Chair announced that the notices of *'Special Mention under Rule-280'* would be accepted upto 11 AM on 02 April 2018 for the sitting of the said date.
Hon'ble Speaker further announced that the short duration discussion listed for the day would be taken up on 02 April 2018.
The Chair also announced the names of the Members who had been elected to the Financial Committees for the year 2018-2019 i.e. Committee on Public Accounts, Committee on Govt. Undertaking and Committee on Estimates.

12. 7.18 PM The Chair invited all the Members of the House on the occasion of *'Mahavir Jayanti'* on 29 March 2018 at 4.30 PM in the Assembly lawns.

13. 7.19 PM **The Chair adjourned the House upto 2.00 PM on Monday, 02 April 2018.**

**Delhi** — **C. Velmurugan**
**28 March, 2018** — **Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## समाचार भाग–1
(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)

**बुधवार, 28 मार्च, 2018 / 07 चैत्र, 1940 (शक)**

**संख्या–74**

**2.08 बजे** **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

**1.** 2.09 बजे **प्रश्न कालः**

तारांकित प्रश्न संख्या 141 पूछा गया।

**2.12 बजे :** अध्यक्ष महोदय ने तारांकित प्रश्न संख्या 141 के उत्तर को प्रश्न एवं संदर्भ समिति को सौंप दिया क्योंकि इसका उत्तर सेवा विभाग से प्राप्त नहीं हुआ था।

**2.18 बजे :** अध्यक्ष महोदय ने यह भी सूचित किया कि तारांकित प्रश्न संख्या 144, 145 एवं 151 तथा अतारांकित प्रश्न सख्या 369, 371 से 376, 378, 381 एवं 383 से 387 के उत्तर भी सेवा विभाग से प्राप्त नहीं हुये। उन्होंने बताया कि जैसाकि पहले निर्देश दिया जा चुका है, ऐसे सभी प्रश्नों को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाये।

सत्ता पक्ष के सदस्यों ने उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर प्राप्त न होने के संबंध में वेदना प्रकट की। उन्होंने विरोधस्वरूप काली पट्टी लगाई। अध्यक्ष महोदय ने भी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए काली पट्टी लगाई।

तारांकित प्रश्न संख्या 143, 146 से 150 पूछे गये और उनके उत्तर दिये गये। तारांकित प्रश्न संख्या 144 तथा 145 पूछे गये। तारांकित प्रश्न संख्या 142, 152 से 160 तथा अतारांकित प्रश्न सख्या 369 से 461 (369, 371 से 376, 378, 381 एवं 383 से 387 को छोड़कर) के उत्तर सदन पटल पर रखे गये।

माननीय उप मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 152 के उत्तर के संबंध मे संक्षिप्त वक्तव्य दिया।

**2.** 3.25 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**

निम्नलिखित सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले उठायेः–

1. श्री जगदीश प्रधान
2. श्री आदर्श शास्त्री
3. श्री श्रीदत्त शर्मा
4. श्री राजेश गुप्ता
5. श्री जितेन्द्र सिंह तोमर
6. श्री ओमप्रकाश शर्मा
7. श्री अजय दत्त
8. सुश्री राखी बिडला
9. श्री विजेन्द्र गुप्ता
10. श्री विशेष रवि

**3.** 3.55 बजे **समितियों के प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की समयावधि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव :**

**क)** **श्री सोमनाथ भारती** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत कियाः

*"यह सदन **बुराड़ी में राशन की एक दुकान के निरस्त लाइसेंस के तथाकथित अवैध पुनः स्थापन की जांच के लिए विशेष जांच समिति** के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण की समयावधि बढ़ाने के लिए सहमत है। समिति अध्यक्ष महोदय को, अपना प्रतिवेदन छठी विधानसभा के आठवें सत्र के प्रारम्भ होने से पहले प्रस्तुत करेगी।"*

**ख)** **श्री अजेश यादव** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत कियाः

*"यह सदन **दिल्ली के नगर निगमों के लिए सदन की समिति** के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण की समयावधि बढ़ाने के लिए सहमत है। समिति अध्यक्ष महोदय को, अपना प्रतिवेदन छठी विधानसभा के आठवें सत्र के प्रारम्भ होने से पहले प्रस्तुत करेगी।"*

**ग)** **श्री सौरभ भारद्वाज** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया :

*"यह सदन **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में हाकी और क्रिकेट खेलों की प्रशासनिक व्यवस्था करने वाले निकायों में कथित अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए विशेष जांच समिति** के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण की समयावधि बढ़ाने के लिए सहमत है। समिति अध्यक्ष महोदय को, अपना प्रतिवेदन छठी विधानसभा के आठवें सत्र के प्रारम्भ से होने से पहले प्रस्तुत करेगी।"*

**घ)** **श्री सौरभ भारद्वाज** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया :

*"यह सदन **माननीय उपराज्यपाल महोदय द्वारा सदन के नाम भेजे गये दिनांक 13 सितम्बर, 2017 के संदेश में जाहिर की गई चिंताओं का अध्ययन करने के लिए एक विशेष समिति** के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण की समयावधि बढ़ाने के लिए सहमत है। समिति अध्यक्ष महोदय को, अपना प्रतिवेदन छठी विधानसभा के आठवें सत्र के प्रारम्भ होने से पहले प्रस्तुत करेगी।"*

**ड)** **श्री राजेश गुप्ता** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया :

*"यह सदन **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के परिवहन विभाग द्वारा मै0 ई.एस.पी. इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को संविदा जारी करने में कथित अनियमितताओं की जांच करने के लिए विशेष जांच समिति** के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण की समयावधि बढ़ाने के लिए सहमत है। समिति अध्यक्ष महोदय को, अपना प्रतिवेदन छठी विधानसभा के आठवें सत्र के प्रारम्भ होने से पहले प्रस्तुत करेगी।"*

उपरोक्त सभी प्रस्ताव मतदान के लिये रखे गये और ध्वनि मत से स्वीकार हुये।

4. 4.00 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही जलपान अवकाश के लिए 30 मिनट तक स्थगित की।**

5. 4.41 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**
**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**

6. 4.42 बजे **उर्जा मंत्री द्वारा वक्तव्यः**
**श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय उर्जा मंत्री** ने वक्तव्य दिया कि सरकार ने दिल्ली में बिजली की दरों मे कमी की है। उन्होंने दरों की संशोधित स्लेब की भी घोषणा की।
भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अपने आसनों पर खड़े हो गये तथा उन्होंने आरोप लगाया कि दरों को बढ़ाया गया है।
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया कि उपरोक्त मामले पर सदन में चर्चा कराई जाये।
अध्यक्ष महोदय ने माननीय उप मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर सहमति दी।

7. 5.04 बजे **सदन की बैठक बढ़ाने का प्रस्तावः**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि *छठी दिल्ली विधानसभा के सातवें सत्र की बैठक दिनांक 02 अप्रैल एवं 03 अप्रैल, 2018 को भी आयोजित की जाये।*
प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनिमत से स्वीकार हुआ।
*(5.08 बजे : भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने पुनः बिजली की दरों के मामले को उठाया तथा विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।)*

8. 5.10 बजे **श्री नारायण दत्त शर्मा एवं सुश्री अलका लाम्बा** ने सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित करवाई जा रही स्कूल परीक्षाओं के कथित रूप से प्रश्न पत्र लीक होने का मामला उठाया।
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सी.बी.एस.ई की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है।
*(5.25 बजे : भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सदन में वापिस आ गये।)*

9. 5.40 बजे श्री सोमनाथ भारती, श्री अनिल कुमार बाजपेयी तथा श्री ओमप्रकाश शर्मा ने दिल्ली में चल रही सीलिंग से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा की।

10. 5.58 बजे **धन्यवाद प्रस्ताव (नियम–114):**
**सुश्री राखी बिडला** ने निम्नलिखित धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया :
*''यह सदन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को हार्दिक बधाई देता है जिसने मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में बिजली की दरों में कमी करने का अभूतपूर्व कार्य किया है और जनता के हित को सर्वोपरि महत्व देते हुए अपने कार्यकाल के दौरान बिजली की दरों में बढ़ोतरी न होने देने का उल्लेखनीय रिकार्ड कायम किया है।''*
निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लियाः–

1. श्री सौरभ भारद्वाज

[*6.06 बजे : अध्यक्ष महोदय ने बैठक की अवधि सांय सात बजे तक के लिए बढ़ाई*]

2. श्री मनजिंदर सिंह सिरसा
3. श्री मदन लाल
4. श्री विजेन्द्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष
5. श्री सोमनाथ भारती

**श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय उर्जा मंत्री** ने चर्चा का उत्तर दिया।
(6.58 बजे : अध्यक्ष महोदय ने श्री ओमप्रकाश शर्मा को उनके अमर्यादित आचरण के लिए इंगित किया।
चूंकि श्री ओमप्रकाश शर्मा ने स्वेच्छा से बाहर जाने से मना कर दिया, अतः अध्यक्ष महोदय ने मार्शलों को उन्हें बाहर ले जाने के लिए कहा।
श्री विजेन्द्र गुप्ता, श्री जगदीश प्रधान तथा श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया)

11. 7.17 बजे **अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणायें:**
अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि नियम–280 के अंतर्गत विषेष उल्लेख के नोटिस दिनांक 02 अप्रैल, 2018 को पूर्वाह्न 11 बजे तक उक्त तिथि की बैठक के लिए स्वीकार किये जायेंगे।
अध्यक्ष महोदय ने यह भी कहा कि आज सूचीबद्ध अल्पकालिक चर्चा को दिनांक 02 अप्रैल, 2018 को लिया जायेगा।
अध्यक्ष महोदय ने उन सदस्यों के नाम घोषित किये, जिन्हें वर्ष 2018–19 हेतु वित्तीय समितियों, यथा–
लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति एवं प्राक्कलन समिति के लिये निर्वाचित किया गया है।

12. 7.18 बजे अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों को 'महावीर जयंती' के अवसर पर दिनांक 29 मार्च 2018 को अपराह्न 4.30 बजे विधानसभा के लॉन में आंमत्रित किया।

13. 7.19 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 02 अप्रैल, 2018 को अपराह्न 2.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

**दिल्ली**
**28 मार्च, 2018**

**सी. वेलमुरूगन**
**सचिव**